0505N305

Candidate's Seat No :________

B.A. Sem.-2 Examination
CC-112
Hindi
May-2025

Time : 2-30 Hours] **[Max. Marks : 70**

प्रश्न - 1. 'चित्रलेखा' उपन्यास की संक्षिप्त कथावस्तु बताइए । (14)

अथवा

'चित्रलेखा' में वर्णित प्रमुख समस्या पर प्रकाश डालिए ।

प्रश्न - 2. उपन्यास के तत्वों के आधार पर 'चित्रलेखा' की समीक्षा कीजिए । (14)

अथवा

'चित्रलेखा' की प्रासंगिकता सिद्ध कीजिए ।

प्रश्न - 3. चित्रलेखा उपन्यास की प्रभावशाली नायिका है, सिद्ध कीजिए । (14)

अथवा

बीजगुप्त की चरित्रगत विशेषताओं को प्रकट कीजिए ।

प्रश्न - 4. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । (14)

(क) हम न पाप करते हैं और न पुण्य करते हैं, हम केवल वह करते हैं, जो हमें करना पड़ता है ।

अथवा

(क) बिना रात के दिन का कोई महत्त्व नहीं है, और बिना दिन के रात्रि का कोई महत्त्व नहीं । बिना दुख के सुख का कोई मूल्य नहीं है, और बिना सुख के दुख का कोई मूल्य नहीं ।

(ख) किसी व्यक्ति से प्रेम होता है, तो उस स्थान पर प्रेम जन्म लेता है । सम्बन्ध होना ही उस सम्बन्ध का जन्म लेना है । वह सम्बन्ध अनन्त नहीं है, कभी-न-कभी उस सम्बन्ध का अन्त होगा ही ।

अथवा

(ख) ब्रह्म, माया के संयोग से स्वयं को भूल जाता है और कर्म-जाल में भटकने लगता है, पर जिस समय वह माया छोड़ देता है और अपने को जान लेता है, वह तृप्त हो जाता है और साथ ही उसे संतोष हो जाता है । दुखमय संसार को छोड़ देने ही को सुख कहते हैं ।

(P.T.O)

N305-2

प्रश्न - 5. दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर किन्हीं **सात** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (14)

1. भगवतीचरण वर्मा का जन्म कब हुआ था ?
(A) 30 अगस्त, 1903 (B) 30 जून, 1930 (C) 11 जनवरी, 1911 (D) एक भी नहीं

2. 'चित्रलेखा' उपन्यास पर आधारित समान शीर्षक की फिल्म कब प्रस्तुत हुई ?
(A) 1934 (B) 1942 (C) 1964 (D) 1977

3. 'चित्रलेखा' का प्रारंभ किस शीर्षक से होता है ?
(A) प्रस्तावना (B) उपक्रमणिका (C) भूमिका (D) उपसंहार

4. श्वेतांक और विशालदेव कितने वर्ष बाद गुरु से वापस मिलने जाते हैं ?
(A) चार (B) तीन (C) दो (D) एक

5. चित्रलेखा किसके पुत्र की माँ बनी थीं ?
(A) बीजगुप्त (B) कुमारगिरि (C) कृष्णादित्य (D) कोई नहीं

6. बीजगुप्त के लिए विवाह का प्रस्ताव कौन रखता हैं ?
(A) कुमारगिरि (B) श्वेतांक (C) विशालदेव (D) मृत्युंजय

7. बीजगुप्त के गुरु कौन थे ?
(A) रत्नाम्बर (B) कुमारगिरि (C) शिवबाबा (D) कोई भी नहीं

8. "... तुम्हें दंड देने का अधिकार चित्रलेखा को होगा ।", समारोह में यह वाक्य कौन बोलता है ?
(A) चन्द्रगुप्त (B) चाणक्य (C) बीजगुप्त (D) मृत्युंजय

9. बीजगुप्त अपनी तमाम सम्पत्ति किसे प्रदान कर देता है ?
(A) विशालदेव को (B) समाज को (C) श्वेतांक को (D) चित्रलेखा को

10. "तुम मुझे डुबाने के लिए आई हो, मैं भी डूबने को तैयार हूँ !" किसकी उक्ति है ?
(A) श्वेतांक (B) कुमारगिरि (C) यशोधरा (D) बीजगुप्त

11. "प्रेम के प्रांगण में कोई अपराध ही नहीं होता, फिर क्षमा कैसी !" कथन किसका हैं ?
(A) चित्रलेखा (B) कुमारगिरि (C) बीजगुप्त (D) रत्नाम्बर

12. श्वेतांक किसका पुत्र था ?
(A) विश्वपति (B) मृत्युंजय (C) रत्नाम्बर (D) महेन्द्रवर्मन